In certain areas, the price of perishable items is very high for example fruits and vegetables. Today, we are wasting about 30 to 40 per cent perishable items. If this cold storage facility along with the warehousing is provided, that will mitigate the problems of small farmers.

Sir, the hon. Prime Minster, before the General Elections has promised that he will revamp the Food Corporation of India by creating three divisions that are the handling procurement, management and distribution. This will definitely benefit the FCI which is acting as a major warehousing

provider. Therefore, I request the Government that whatever has been said before the elections could be done at the earliest.

About 30 per cent of foodgrains in India get wasted. Therefore, more modernised silos or warehouses could be constructed to reduce this wastage. I have read in the newspaper that India is wasting food annually worth Rs. 15,000 crore. If we have good warehousing facilities, that wastage could be reduced.

Therefore, keeping all these points in mind, the Government may consider constructing scientifically modernised silos in future as required by the various States.

श्रीमती कृष्णा राज **(शाहजहाँपुर):** उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूँ। महोदय, हमारे देश की 70 फीसदी आबादी में किसानों का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे माननीय मंत्री राम विलास पासवान जी ने देश के तमाम उत्पादन किए हुए अनाज को व्यवस्थित करने का बहुत ही अच्छे ढंग से प्रयास किया है, उन्होंने यह सराहनीय कदम उठाया है। वास्तव में देश का किसान गेहूं, धान देश को खिलाने के लिए पैदा करता है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि पिछली सरकारों की लापरवाही की वजह से हमारे देश का लाखों टन अनाज सड़ता रहा। मैं विशेष कर उत्तर प्रदेश के बारे में बात करूंगी। मैंने स्वयं देखा कि खुले में, सिर्फ पन्नी के नीचे लाखों बोरियाँ लगी हुई थी, उन्हें चूहे खा रहे थे। उनको बचाने के लिए दवा की व्यवस्था और पता नहीं कितनी तरह के आँकड़े पेश किए गए, लेकिन एक तरफ अनाज सड़ता रहा और दूसरी तरफ देश के तमाम लोग भूखे सोते रहे, पेट भरने के लिए तरसते रहे। यह एक बहुत ही अच्छा और सराहनीय कदम रहा, जो गाँव-गाँव में लघु रत्न के माध्यम से भंडारागार बनाए गए। इसकी वजह से स्थानीय स्तर पर ही हमारे लोगों को सुविधा मिली।

मैं माननीय मंत्री जी से एक आग्रह भी करूँगी कि जितना हो सके गाँव-गाँव तक जाकर भंडारागार बनाने की व्यवस्था करें, जिससे अनाज को ज्यादा दूर ले जाने की दिक्कत किसानों को न हो और वे नजदीक ही अनाज को भंडारागार में रख सकें। देश के वे तमाम बेसहारा किसान, जो दर-दर की ठोकरे खाते हैं, उनके लिए यह एक बहुत ही अच्छा कदम होगा। वहाँ पर जो बड़े शीतकालीन भंडारागार फलों या सब्जियों के लिए होते हैं, उनमें उनको जगह नहीं मिलती है। कभी-कभी ऐसा भी देखा गया है कि बड़े पैमाने पर हमारी सब्जियाँ, जो महंगाई का कारण बनती हैं, सीजनल सब्जियों और फलों की वजह से कभी-कभी यह आवाज आती है कि बहुत महंगाई है, आम जनजीवन अस्त-व्यस्त रहता है। इसलिए जब जिसका मौसम हो, जिस क्षेत्र में जिस सब्जी का बहुतायत में उत्पादन होता हो, जिस फल का उत्पादन जहाँ होता हो, एक सर्वे कराकर वहाँ पर शीतकालीन भंडारागार बनाने की व्यवस्था करें। इससे बढ़ती हुई महंगाई का जो एक अनावश्यक आरोप लगता है, उस पर भी हम नियंत्रण कर सकेंगे। यह हमारा एक अच्छा सुझाव है।

माननीय मंत्री जी, सार्वजनिक वितरण प्रणाली भी आपके अंडर में आती है। मैं तमाम सेंटर्स के बारे में कहना चाहूँगी, क्योंकि यह खाद्यान्न और किसान से जुड़ा हुआ मसला है। मैं आपको बताना चाहूँगी कि जो सेंटर्स लगते हैं, एफ.सी.आई. के, पी.सी.एफ. के या स्टेट पूल के, वहाँ देखने में आता है कि जिस टाइम पर किसानों की फसल की पैदावार होती है, उस समय उनकी खरीद सेंटर्स पर नहीं होती है। हमारे किसान औने-पौने दामों में अपना मेहनत से पैदा किया हुआ बहुमूल्य अनाज 800, 900 रूपए में बेचकर उदास होकर चले जाते हैं। राज्य सरकारों में बैठे हुए जो अधिकारी हैं, उनकी लापरवाही और दलालों की साठगांठ से आपका दिया हुआ समर्थन मूल्य, सरकार का दिया हुआ समर्थन मूल्य उनको नहीं मिलता है। इस कारण सरकार की मंशा सफल होते हुए नहीं दिखती है।

आज हमारे देश का किसान हमारी भारत सरकार से उम्मीद लगाए है, हमारे प्रधानमंत्री जी से उम्मीद लगाए हुए है कि हमें अपनी मेहनत का पूरा मूल्य मिलेगा, लेकिन आज जो बिगड़ा हुआ तंत्र है, जो साठगांठ और मिलीभगत है, उसके कारण हमारा किसान आज भी लुट रहा है। धान तो हमारा लुटा ही है, हमारा गेहूँ भी लूटने की तैयारी है।

महोदय, मैं पुनः निवेदन करूँगी कि आप अपने इस संशोधन में जो लाए हैं, लाभ होने के कारण जो भारत सरकार को निरन्तर लाभ मिल रहा था, उसको आपने अपनी तरफ से अवमुक्त किया है। साथ ही साथ मैं यह कहना चाहूँगी कि जो आपकी सब्सिड़ी है, उसे ज्यादा से ज्यादा जनप्रिय बनाने की कोशिश करेंगे तो मेरे ख्याल से आम जनता के लोग निजी तौर पर आगे कदम बढ़ाएंगे और इससे हमें भंडारागार बनाने में सुविधा मिलेगी। इसकी तरफ भी आप अपना प्रयास करेंगे तो ज्यादा अच्छा होगा और आप लोगों को आकर्षित करेंगे। इससे हमारे बहुमूल्य अनाज को सुरक्षित रखने में बहुत अच्छी मदद मिलेगी। इतना कहते हुए मैं अपनी बात को विराम देती हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।

*SHRI K. PARASURAMAN (THANJAVUR): Hon. Deputy Speaker Sir, Vanakkam. I thank our Beloved Leader Makkal Muthalvar Hon. Puratchithalaivi Amma for making me a Member of Parliament representing Thanjavur Constituency and allowing me to speak on the Warehousing Corporations (Amendment) Bill, 2015. Hon Amma has been working tirelessly for the welfare of the people of Tamil Nadu.

Sir, Central Wareshousing Corporation (CWC) was started in 1954 for the purpose of warehousing agricultural produce and other commodities and to arrange for selling them in market for a remunerative price. CWC is operating 464 warehouses across the country with a storage capacity of 10.8 million tonnes providing warehousing services for wide range of products ranging from agricultural produce to industrial products. Wareshousing activities of CWC include foodgrain warehouses, industrial warehousing, custom bonded warehouses, container freight stations, inland clearance depots, shipping and railway cargo stations and air cargo complexes. If these cargo services are identified and clubbed together with the departments concerned, it would be early to maintain and manage. I urge the Government to take necessary steps in this regard.

As an achievement, CWC has handled Rs. 1528 worth products. During the year 2013-14 CWC has earned Rs. 256 crore as profit before tax and Rs. 161 crore as profit after tax. The shareholders are provided a dividend of 47 per cent. I welcome this. More number of Central Warehouses should be opened in the country particularly in Tamil Nadu in order to increase the profit of CWC. CWC also offers training for the construction of warehousing infrastructure in different States. This training should be further extended to Tamil Nadu.

Under the able guidance of Makkal Muthalvar Hon. Puratchithalaivi Amma, the warehouse under State Warehousing Corporation of Tamil Nadu function successfully with a total warehousing capacity of 6.37 metric tonnes. There are 60 such warehouses. The Central warehouses have a handling capacity of 6.04 lakh metric tonne. The State Warehousing corporation of Tamil Nadu was started in Februrary, 1958."A grain saved is a grain produced" - the motto of State Warehousing Corporation of Tamil Nadu.

The Government of Tamil Nadu under the able guidance of Hon. Puratchithalaivi Amma has taken steps to ensure remunerative prices for the agricultural produce, for their safe storage and for availing loans on produced grains. It was planned to establish 3317 warehouses with a storing capacity of 4,11,800 metric tonnes. As of now, 2251 warehouses have been set up with a warehousing capacity of 2,72,500 metric tonnes. Union Government should increase the grant for extedning this further.

In Tamil Nadu, for crop fertilizer manufacturing units, out of 15 warehouses, 13 warehouses have been constructed with a cost of Rs. 3 crore. In Kannampalayam at the Grow Out Test (GOT) farm for seed certification, a new storage capacity has been created with an expenditure of Rs. 26 lakh.

Under the guidance of Hon. Puratchithalaivi Amma several Crores of Rupees are allocated for creating cold chain storage in Tamil Nadu to provide storage facilities for flowers, fruits, vegetables, perfume products, food grains and other commodities. If Union Government allocate adequate funds for such storage facilities, it will be more effectively implemented.

In the Railway Budget, it was stated that there are no adequate storage facilities to store food grains. As regards Tamil Nadu, Hon. Puratchithalaivi Amma has always been supportive for implementing pro-poor programmes. Hon. Amma will always welcome the programme which will not affect poor. I therefore assure that Hon. Amma will be helpful in setting up Railway warehouses in Tamil Nadu.

Farmers in my Thanjavur constituency and adjoining 10 districts are mainly dependent on cultivation of paddy, sugarcane, banana and coconut. I urge upon the Union Government for setting up a warehouse and a cold storage facility in every Panchayat Union in all the 10 districts adjoining Thanjavur. These warehouses can be also used for storing food grains under Public Distribution System.

DR. RATNA DE (NAG) (HOOGHLY):The Warehousing Corporation (Amendment) Bill, 2015 was introduced in Lok Sabha on 3rd March, 2015.

The Bill has been brought to suitably amend section 5 of the Warehousing Corporations Act, 1962 which would withdraw the guarantee the Government has given to the Warehousing Corporations under sub-section (1) of Section 5 of the Act.

Sir, why should the Government absolve itself when Central Warehousing Corporations is making profit and has not taken any loan from the Government nor is it dependent on its Budgetary report? Why should the mini-Ratna Public Sector Enterprise be absolved from the administration of the Government? It defies logic and reasoning. The Government needs to explain a lot.

Sir, I would like to highlight the food worth thousands of crores is wasted every year. In 2013, we had wasted food worth Rs. 13,300 crore. On one hand, we find poor go to sleep without food, on the other hand, we see foodgrains rot in Government godowns. It would be astonishing to know that according to 2013 Global Hunger Index, India ranks 63rd out of 78 hungriest countries. India is worse than Sri Lanka, Nepal, Pakistan and Bangladesh. United Nations Food and Agricultural Organisation believes that 17 per cent of Indians are still undernourished people which is more than all sub-Saharan Africa.

According to UNICEF, 47 per cent of the Indian Children are underweight and 46 per cent of those under 3 years old are too small in accordance with their age. The shocking thing is that almost half of all childhood deaths can be attributed to malnutrition.

The Indian Institute of Management in Kolkata estimated sometime back that cold storage facilities are available for only 10 per cent of perishable food products, leaving around 370 million tons of perishable products at risk. There is a need to bring in vast changes to stop perishable food products.

India is a food surplus country but still we are not able to curb the food grain wastage. Our food production is going up on one side year after year. Courts too are telling the Government not to waste foodgrain in godowns instead, distribute among poor. There is a need for establishing state of the art distribution chains, vast high quality cold storage network across the country to ensure that food is not perishable. We may also introduce refrigerated trucks. There is also a need to ensure electricity supply 24X7. Excessive use of pesticides during storage in godowns should be stopped.

We have ASSOCHAM study report which claims that over 30 per cent of food grains are stored unscientifically. Is it true that we have inadequate storage capacity to the tune of around 20-30 per cent of total food grain harvest which is declared as waste? What measures are put in place in the last 10 months to modernize the storage of food grains?

Thank you Sir.

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, apparently, on the face of the Bill, the proposed amendments, especially the major amendment, substitution of Section 5 and amendment to Section 27(4) seems to be harmless. But if you go in-depth into the amendment which is being proposed, it can be that the amendments are having fatal impact on the working and the affairs of the Central Warehousing. Therefore, I rise to oppose this Bill.

The Central Warehousing Corporation was established in the year 1957. It was created by virtue of the Agriculture Produce Development Warehousing Corporation Act of 1956, and subsequently, this Act was repealed in the year 1962 to have a new enactment. It is seen that from 1956-57 onwards, since 1956-57 to till this date, every year the Government of India is getting dividend from the Central Warehousing Corporation. It is an undisputed fact that the performance of the Central Warehousing Corporation is going in a better way.

As Prof. K.V. Thomas, the then Minister, has congratulated the CWC officials, I also take this opportunity to congratulate the performance made by the CWC because in the year 1957 they started with a capacity of 7,000 tonnes and seven warehouses, and when we come to 2014, we are having 108 lakh tonnes of storage capacity and 464 warehouses. In the year 2013-14 alone, after exempting tax, the annual profit was Rs.256 crore. So, now it has become a mini *ratna* company.

The interesting fact to be noted is this. I am seeking a clarification on this from the hon. Minister. The Statement of Objects and Reasons enclosed along with the Bill is going to state that since the Central Warehousing Corporation is having a huge profit and it is giving dividend to the Government of India, no budgetary support is required as far as CWC is concerned. No budgetary support is required for this Public Sector Enterprise as it had been declared as a mini *ratna* in the year 1997. Since there is no requirement of budgetary support and no guarantee is required, what is the logical reasoning of this Bill?

My specific point is, as per the Statement of Objects and Reasons, there is no logical reasoning in bringing such an amendment. This is a company or a corporation which has made a huge profit. It is giving big dividend to the Government of India and its capacity has been increased like anything. Since it is such a good performing company, we need not give any budgetary support to this company and, therefore, the power of the Government of India being the guarantor is being taken away.

Sir, if this amendment is accepted by this hon. House or carried out, what would be the impact? We have to discuss that. What is the present status of the corporation? Suppose the shares are issued to the public by the Central Warehousing Corporation by means of the existing Act, definitely the shares will be guaranteed by the Government of India. When the shares are being guaranteed by the Government of India means, the value of the shares will be going up. It is having a statutory support. It is having the Government's support.

My only question to the hon. Minister is this. So many Members, even the hon. Member from Shiv Sena, and so many other hon. Members have already made their apprehension known. What is the specific reason for withdrawing Government of India as the guarantor for the share which is being issued to the public? What is the reason? The hon. Minister has stated two reasons. First, as I have said, it does not require any budgetary support and also it is making huge profit. Then, why do you withdraw from the CWC?

And, second, the hon. Minister's introductory remarks are going to show that more financial powers will be given to the CWC. No, it is wrong. How will the Central Warehousing Corporation be getting financial powers? Suppose the shares issued by the Central Warehousing Corporation are having guarantee or the guarantor-ship of the Government of India, is the financial power or the financial autonomy of the CWC lost? If the CWC has to get some financial autonomy, then

you have to relax the norms and you have to give more powers to the corporation since it is a mini *ratna* company. Instead of that, you are withdrawing the guarantor-ship of the Government of India. What is the intention? What is the benefit? All right, we do agree.

16.00 hrs

Sir, my simple question is this. The fate of ITDC hotels and so many other companies is well known to all of us. Suppose, after five or ten years, like ITDC, it goes into losses, what would be the fate of this company? This will automatically be disinvested and privatised. I feel that there is something with a long-term perspective so as to privatise the CWC. My apprehension is that such an intention is behind this Bill. Otherwise, let the hon. Minister clarify it.

Last week I was in Udaipur. I forgot about a company, which had been given to Vedanta Group. It is making huge profits after disinvestment. That is why, I am saying that there is no harm, looking apparently on the face of the Bill. Suppose in future, the Corporation goes into losses, definitely, this will happen.

So, Section 5 is being substituted by a new section. That section is there in the Insurance Act, 1938 and Banking Regulation Act, 1949. It is there in the form of Section 20 of Indian Trusts Act, 1882. In all these cases, this will come within the ambit of securities. This is being protected by way of securities under these three Acts, but here the Government is absolving its entire responsibility. It means that the Government is slowly withdrawing. Now, they will withdraw the guarantee of the Government and in future, they will withdraw the control. This is only my apprehension as to how this will normally be going.

The next major amendment is of Section 27(4). The original Section 27(4) says:

"The bonds and debentures of a State Warehousing Corporation may be guaranteed by the appropriate Government â€¦â€¦"

The only portion deleted from the Bill is 'as to the repayment of principal and the payment of interest at such rate as may be fixed by the appropriate Government'. So, as far as the bonds and debentures of the Warehousing Corporation are concerned, the repayment is not being guaranteed. Those words are taken away from the original section. In the amended Section 27(4), these words are missing.

I cannot understand the omission of those words. Here also, this is in respect of issuance of bonds and debentures. For this, the Government is guaranteeing, but not for the repayment of the principal and interest. What is the intention behind it? So, the two core amendments to Section 5 and Section 27(4) are creating some sort of apprehension. It means that the Government is slowly withdrawing from the Central Warehousing Corporation. The fate or future of this Corporation may also be like that of the ITDC. Hence, I am having this reservation and seeking a clarification from the hon. Minister.

I conclude with these words and thank you very much, Sir.

HON. DEPUTY SPEAKER: Now Shri Kaushalendra Kumar will speak.

I would request the Members to speak very briefly because we have to pass the Bill before 4.30 p.m.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे भण्डागारण निगम (संशोधन) विधेयक, 2015 पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। यह एक महत्वपूर्ण विधेयक है, क्योंकि, यह भारत सरकार के प्रमुख भंडारण एजेन्सी तथा देश भर में सार्वजनिक वेयरहाउस चलाने वाली सबसे बड़ी संस्था है, जो कृषि सहित विभिन्न प्रकार के ग्राहकों को भंडारण के क्षेत्र में लॉजिस्टिक सेवाएं प्रदान करती है। किसानों से जुड़े होने के कारण इस संस्था का महत्व काफी बढ़ जाता है।

हम बिहार राज्य से चुनकर आये हैं। हम लोग किसान परिवार से हैं। बिहार में किसान बहुत परेशान हैं। उनके धान की खरीद कम कीमत पर हो रही है। आज भंडारण की कमी के कारण, वे अपना धान औने-पौने दाम में बेच रहे हैं। माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं, जो बिहार से ही आते हैं। हमारे खड़गे जी, थॉमस जी और रामचदून जी ने कुछ शंकाएं जाहिर की हैं। मैं समझता हूं कि किसान परिवार से ही हमारे मंत्री जी हैं, निश्चित रूप से वे किसानों की हित की रक्षा करेंगे।

राज्य सरकार ने किसानों के हित के लिए कई भंडारण की व्यवस्था की है। यह जो विधेयक लाया गया है, निश्चित रूप से सराहनीय है। मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं। आज देश में अनाज को रखने के लिए पर्याप्त भंडारण क्षमता नहीं है, जिसके कारण खुली जगह पर अनाज का स्टॉक किया जाता है, जिससे अनाज की बर्बादी होती है। इसलिए पर्याप्त भण्डारण क्षमता का निर्माण आवश्यक है। किसान को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है जबकि माननीय प्रधान मंत्री जी ने चुनाव में वादा किया था कि किसान की जो लागत लगेगी, हम उसका डेढ़ गुना मूल्य उसे देंगे। आज किसान बिहार में औने-पौने दाम में धान बेच रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए ढाई सौ रुपये प्रति क्विंटल बोनस के रूप में दिए हैं।

रख-रखाव की एक बड़ी समस्या है। अनाज के उचित भंडारण के अभाव में लाखों टन अनाज हर साल बर्बाद हो जाता है, सड़ जाता है। कई टन अनाज चूहे भी खा जाते हैं। जहां एक ओर देश के गरीब लोग भूख से मर रहे हैं वहीं हजारों टन अनाज सड़ने की शिकायत भी मिली है। इसे नियंत्रण करना आवश्यक है क्योंकि देश की जनता की गाढ़ी कमाई बर्बाद हो जाती है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस पर टिप्पणी की है, किन्तु सरकार का ध्यान इस गंभीर समस्या पर नहीं जा रहा है। एक ओर जहां सरकार इस महत्वपूर्ण संस्था को स्वतंत्र कर रही है, वहां इसके दायित्वों का भी ध्यान रखे कि वह सही तरीके से निर्वहन करे। मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि हर राज्य सरकार से बात करके इसमें सुधार किया जाए और राज्य सरकारें भी आपसे परामर्श करके उचित कदम उठाएं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी और सरकार का धन्यवाद करना चाहता हूं। इस बिल की प्रस्तावना रखते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा कि यह सिर्फ तकनीकी कारणों से लाया गया है। यह बिल पूर्ववर्ती सरकार के समय लाया गया था, लेकिन किन्हीं कारणों से उस समय इसे लोक सभा से पारित नहीं करवाया जा सका, इसलिए अब पारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि इस बिल को बिना चर्चा के पारित कर दिया जाना चाहिए। मैं आपको धन्यवाद इसलिए करना चाहता हूं क्योंकि यह विषय इतना गंभीर है कि इस पर आपने चर्चा की अनुमति दी। विषय केवल इतना नहीं है कि सेंट्रल वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के एक्ट में हम संशोधन की बात कर रहे हैं, बल्कि यह कृषि और इस देश के अन्नदाता के श्रम के सम्मान से जुड़ा हुआ है। इसलिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है।

अभी सदन में इस बारे में चर्चा हो रही थी। कृषि के विषय पर इस सदन में अनेक बार चर्चा हुई भी है। आज भी शायद कृषि के विषय पर इस सदन में चर्चा होने वाली है। कृषि और कृषि के उत्पादन के मूल्य से जुड़ा हुआ विषय सीधा आज की चर्चा से सम्बद्ध है। इसी सदन में खाद्यान्न के उत्पादन की चर्चा हो रही थी और अनेक बार इस विषय में बात भी की गई है कि 30 प्रतिशत उत्पादन हर साल सड़ जाता है, खराब हो जाता है, अनुपयोगी हो जाता है। जब सेंट्रल वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन की स्थापना की गई थी, लगभग उसी के समकक्ष किसी समय में, यहां वरिष्ठ सदस्य बैठे हुए हैं, आदरणीय खड़गे साहब बैठे हैं, इन्हें ध्यान होगा कि भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री ने इस बात की मांग की थी और देश से इस बात की अपील की थी कि देशवासियों को सप्ताह में एक दिन भोजन नहीं करना चाहिए ताकि इस देश के भूखे लोगों को अन्न मिल सके। सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन की स्थापना के बाद देश को निश्चित रूप से अन्न की सुरक्षा मिली है, लेकिन जिस तरह अनप्रोफेशनली और अनहाइजिनिक वे से इस देश के वेयरहाउसिंग, फूड कार्पोरेशन के गोदामों में अन्न का संचय होता है, मैं एसोचैम की रिपोर्ट बता रहा हूं, 30 प्रतिशत अन्न हर साल बर्बाद हो जाता है।

मैं थोड़ी देर पहले कुछ आंकड़े देख रहा था। सन् 2012 में केवल पंजाब और हरियाणा के गोदामों में एक लाख छः हजार टन गेहूं और खाद्यान बर्बाद हुआ। यदि एक परिवार को एक महीने में 30 किलो गेहूं की आवश्यकता होती है, एक वर्ष में 1.6 लाख टन की बर्बादी होती है, उससे एक लाख भूखे परिवारों को तीन साल तक दोनों समय का भोजन कराया जा सकता था। यह समय की मांग है और देश की आवश्यकता भी है। कोल्ड स्टोरेज के बारे में भी चर्चा की गई, 45,000 हजार करोड़ रुपये का खाद्यान्न, सब्जियों और फलों का वेस्टेज भंडारण और प्रोसेसिंग की क्षमता नहीं होने के कारण हो रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस विषय पर चर्चा की है। माननीय प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता के विषयों में से भी एक है। 70,000 हजार करोड़ रुपये की घोषणा सिर्फ इफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए की गई है। इस सदन के माध्यम से मैं सरकार और मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए बांड के माध्यम से पैसे जुटाए जाने हैं उस इफ्रास्ट्रक्चर को इसके साथ भी जोड़ा, कृषि के क्षेत्र में इफ्रास्ट्रक्चर को डेवलप करने की इस देश को आवश्यकता है। उस आवश्यकता की पूर्ति की दिशा में कदम बढ़ाया जाए। यह चर्चा की गई गई है कि ढाई सौ करोड़ रुपये का प्रोफिट इस संस्था को हो रहा है, लेकिन पिछले कई सालों से इस संस्था के बाद भी अन्न का नुकसान हो रहा है। यदि उसकी कीमत जोड़ी जाए तो देश की अर्थव्यवस्था में इसका बहुत बड़ा योगदान हो सकता है। इस बिल के माध्यम से मंत्री महोदय ने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि बिल में संशोधन करने के बाद प्राइवेट इन्वेस्टमेंट इस क्षेत्र में और आकर्षित होगा। यह समय की मांग है। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस क्षेत्र को और अधिक प्रोत्साहन देने के लिए इस क्षेत्र में निवेश करने वाले लोगों को इन्कम टैक्स में रियायत दी जाए, इन्कम टैक्स बेनिफिट दिए जाएं। इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को और अधिक प्रोत्साहन के लिए शार्ट टर्म लीज की अवधि को लॉन्ग टर्म लीज में परिवर्तित किया जाए जिससे और अधिक लोग इस क्षेत्र में आकर्षित हो सकें और देश का जो नुकसान हो रहा है, श्रमदाता के श्रम का जो असम्मान हो रहा है, उससे यह देश उबर सके।

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER (PONNANI): Mr. Deputy-Speaker, Sir, the scope of this Bill is very limited. My learned friends have explained that and I do not want to say much on that.

We are proud of our country in many sectors like technology, education, growth rate in the financial sector and all kinds of things. But as far as storage of food grains is concerned, our position is very backward. We all know that. Figures show that very clearly. Our willingness for introducing new technology in the storage sector is very poor. As far as industrial relations in Warehousing Corporation are concerned, I think they are also not up to our expectations.

If we see the storage capacity in the country then and now, we know that the capacity was 7000 tonnes with seven warehouses, and now it is 108 lakh tonnes with 464 warehouses. That much of progress we have made and we can be proud of that. However, there is still a wide gap between the availability of space and the real requirement. In response to a question in this House it was stated that we are having a wide gap in storage capacity.

ASSOCHAM have made a scientific study on this. They said in their report that around 20 to 30 per cent of total food grains harvest is wasted due to inadequate storage capacity. Each grain bag is handled at least six times before it is finally opened for processing which leads to higher storage and transport charges.

Similarly, only 29 per cent of space in warehouses are available for agro type of storage. Similarly, many study reports say that India wastes food worth Rs 13,000 crore annually. That is the figure in that report.

Similarly, *The Hindustan Times* reports say that millions go hungry, but India lost foodgrains worth Rs 45 crore in 5 years.

Sir, we are failing in many sectors but there is a silver lining in this. In the last UPA Government, Prof. K.V. Thomas did his maximum for increasing this storage capacity. Similarly, the new Minister is also doing that.

The last point is about industrial relations. In our system, in Warehouse Corporation, industrial relation is not very cordial. I urge upon the Government to make it more cordial.

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री राम विलास पासवान) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सभी माननीय सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं, क्योंकि उन्होंने अपने बहुमूल्य विचारों को यहां रखने का काम किया है। थामस साहब यहां बैठे हैं। इस बिल का दायरा बहुत छोटा है। यह अमेंडमैंट है और जैसा इन्होंने कहा कि इन्हीं का बच्चा है। हम सिर्फ उसे लाने का काम कर रहे हैं, लेकिन यह प्रजातंत्र की खूबी है। हम भी जब आपोजिशन में रहते हैं, तो हमेशा एक ही बात कहते हैं कि कोई पूछे कि अभी कितना समय हो रहा है और पार्लियामैंट में डिसकशन शुरू हो जाये, तो अभी सवा चार बज रहे हैं। लेकिन लोग बहस करना शुरू करेंगे कि अमेरिका में कितना टाइम हो रहा है और डिसकशन करते-करते जब भारत में आयेंगे, तो उस समय सुबह के सवा चार बज जायेंगे। इसलिए खासियत भी है। इसमें मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा।

उपाध्यक्ष महोदय, खड़गे साहब हमारे साथी हैं, वरिष्ठ नेता हैं। उन्होंने दो-तीन बातें कहीं। एक बात उन्होंने यह कही कि जो ढांचा है, उसके तहत पूंजीगत शेयर होल्डर का विश्वास कहीं खो न जाये और हम कहीं प्राइवेटाइजेशन की तरफ तो नहीं जा रहे। मैं समझता हूं कि इसका जवाब थामस साहब ने पहले ही दे दिया था। इस पर बहुत डिसकशन हुआ और डिसकशन होने के बाद यह मामला स्टैंडिंग कमेटी में भी गया था। स्टैंडिंग कमेटी के बाद कैबिनेट में गया, फिर कैबिनेट के बाद पार्लियामैंट में आया। पार्लियामैंट के बाद स्टैंडिंग कमेटी में गया, फिर स्टैंडिंग कमेटी से लौटकर आया, लेकिन तब तक चुनाव हो गया। उसके कारण यह बिल पास नहीं हो सका।

जहां तक प्राइवेटाइजेशन का सवाल है तो उसका प्रश्न ही नहीं उठता। दूसरा, जब 50 परसेंट से ज्यादा शेयर, यानी 55 परसेंट शेयर गवर्नमैंट का रहेगा, तो उस परिस्थिति में शेयर होल्डर को इसमें कहीं चिंता करने की जरूरत नहीं है। तीसरी बात यह उठायी गयी कि यह बिल क्यों लाया गया और इसकी क्या जरूरत पड़ी? यहां मोइली साहब समेत सब वरिष्ठ साथी बैठे हैं। जब आप मिनीरत्ना और ग्रेड -वन का दर्जा दे देते हैं, तो सरकार के सपोर्ट को हटाना पड़ता है। उससे आपको अलग करना पड़ता है, क्योंकि यह नियम है, कानून है। उसी नियम के तहत, चूंकि मिनीरत्ना और ग्रेड-वन का दर्जा दिया गया, अनुसूची एक में रखा गया, उसके तहत 5(1) है या 27(4) वगैरह सब उसी से संबंधित हैं। इसलिए उसके तहत इसे हटाना जरूरी थी, इसलिए हटाया गया है। हम समझते हैं कि इसके पीछे कोई दूसरी मंशा नहीं है।

श्री के.वी.थामस साहब इसी मंत्रालय में रहे हैं। हम लोग हमेशा बातचीत भी करते रहते हैं।

हमारी एक आदत है कि हम कभी भी ऐसा नहीं सोचते कि हम ही सब कुछ जानते हैं। हमारे जितने भी पुराने साथी हैं, हम उनसे और खासकर पूर्व मंत्रियों से बात करते रहते हैं कि जिस सुधार की आवश्यकता है, उसे बताएं। हम हमेशा बातचीत के लिए बैठते हैं। इन्होंने साइलो के बारे में कहा है कि इस पर ध्यान देना चाहिए। यहां शांता कुमार जी बैठे हुए हैं। कई साथियों ने एफसीआई के बारे में जिक्र किया है। हालांकि यह कार्य क्षेत्र में नहीं है। रिपोर्ट दी है जिसमें कहा गया है कि साइलो पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हमारे कुछ साथियों ने बिहार, यूपी के बारे में कहा। कौशलेन्द्र जी, बिहार के बारे में बोल रहे थे। बिहार में 53 लाख टन अनाज की आवश्यकता है। हम मान लेते हैं कि 53 लाख टन में 33 लाख टन चावल की जरूरत है। अब 33 लाख टन को डेढ़ गुणा कर देंगे तो 51 लाख टन के करीब होता है। अब 51 लाख टन धान की आवश्कयता है। बिहार डीसीपी स्टेट है। यहां एफसीआई नहीं खरीदती है, राज्य सरकार खरीदती है। यहां हमारे कई साथी बैठे हैं, रमा जी बैठी हैं, उपेन्द्र जी बैठे हैं। सब लोग वहीं से हैं। पहले हमने कहा कि 31 जनवरी तक खरीदने का समय रखिए और सब राज्यों से बात की। जब फसल की कटाई होती है तो उसी समय किसान बेचता है और बाद में बिचौलिए लेकर बेचना शुरू कर देते हैं। कहा गया कि 31 जनवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी कर दीजिए तो 15 फरवरी कर दिया। इसके बाद कहा गया कि 28 फरवरी कर दीजिए और 28 फरवरी कर दिया। इसके बाद कहा गया कि 28 फरवरी से 15 मार्च कर दीजिए तो 15 मार्च कर दिया और अब कहा गया कि 31 मार्च कर दीजिए। कितनी खरीद हुई? हमें 53 लाख टन चाहिए और अभी तक दस लाख टन खरीदा गया। हम बाकी कहां से लाते हैं? हरियाणा, पंजाब से लाते हैं। ट्रांसपोर्टेशन की कॉस्ट कितनी बैठती है? कौशलेन्द्र जी भी यही कह रहे थे कि किसान सब जगह चिल्ला रहे हैं कि एमएसपी रेट पर कोई खरीदता नहीं है। कौन खरीदेगा? अभी कमेटी ने रिपोर्ट दी है, शांता कुमार जी ने रिपोर्ट दी है और कहा है कि बिहार, उत्तर प्रदेश गरीब राज्य हैं, इनकी तरफ एफसीआई को ध्यान देना चाहिए और खरीद करनी चाहिए। हम इस ओर निश्चित रूप से ध्यान देंगे और दे रहे हैं।

महोदय, सबसे बड़ी बात यह है कि दो गलतफहमियां हैं। एक बोनस को लेकर है कि जो बोनस लागू किया गया, उसमें कहा गया कि वह राज्य जो डीसीपी स्टेट है और जहां सरप्लस पैदावार होती है, वहां बोनस की बात है लेकिन, पंजाब उसमें नहीं है। पंजाब डीसीपी राज्य नहीं है, पंजाब में खरीद की बात है तो उसमें कहां बंद है। इन्होंने एफसीआई के बारे में कहा। एफसीआई वहां नहीं खरीदती है, हाँ एफसीआई भी खरीदती है। एफसीआई टोटल दस परसेंट खरीदती है। हरियाणा सरकार ने कहा कि हम अपने आप व्यवस्था कर लेंगे, आप एफसीआई से कहिए कि दूसरी जगह पर लगे। पंजाब सरकार कहेगी तो हम करेंगे, वह नहीं करेंगे तो हम खरीदेंगे। 'कौआ कान लिए जा रहा है' तो पहले हम कान को देखेंगे कि कौए को देखेंगे। हल्ला हो जाता है कि यह हो गया, वह हो गया, कुछ नहीं हो रहा है।

महोदय, जहां तक भंडारण की बात है। हमारे पास 2,000 लाख टन की पैदावार होती है जिसमें से 2014-15 में गेहूं का उत्पादन 957 लाख टन और चावल का 1030 लाख टन हुआ। दोनों को मिला दें तो करीब 2,000 लाख टन होता है जबकि गेहूं की खरीद 957 लाख टन में से 280 लाख टन हुई है और चावल की 418 लाख टन हुई। दोनों को मिला दें तो करीब 598 लाख टन हो जाता है। कुछ सदस्यों ने पूछा कि भंडारण की क्या कैपेसिटी है। भंडारण की कैपेसिटी हमारे यहाँ 711 लाख टन की है। लेकिन यह बात जरूर है, हम भी इस बात को चाहते हैं, हमारे पास गोदाम की संख्या भले ही जरूरी हो, लेकिन क्रय-केन्द्र सभी जगहों पर खुले। क्रय-केन्द्र है ही नहीं। मैं तो सबसे वर्स्ट बिहार का ही उदाहरण दे सकता हूँ। श्रीमती रंजीता जी यहाँ पर बैठी हैं। बिहार के पूर्णिया, मधेपुरा वगैरह में चले जाइए, वहाँ के किसान कहाँ बेचेंगे? जो चावल के मिल-मालिक हैं, वही खरीदते हैं। इधर से उधर जाता है और वह हल्ला करता रहेगा। बिचौलिया किसान से 900 रुपए में खरीदेगा और उसे 1400-1500 रुपए में बेचेगा। यह सबसे बड़ी दिक्कत होती है।

श्रीमती कृष्णा राज : **यह रुकेगा कैसे?**

श्री राम विलास पासवान : **उसको रोकने के लिए मैंने कहा, देखिए! हर चीज़ में होता है कि बद अच्छा और बदनाम बुरा। इसमें दो काम हैं। एक काम केन्द्र सरकार का है। हमारा काम है कि हम पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों से अनाज़ उठाते हैं और उसे दूसरे राज्यों में देने का काम करते हैं। अब अनाज हरियाणा से उत्तर प्रदेश आ गया, पंजाब से बिहार आ गया। बिहार में एफसीआई के गोदामों तक पहुंचाना हमारा काम है। एफसीआई के गोदामों से वह अनाज कहाँ जाता है, वह राज्य सरकार की जिम्मेवारी है। इसमें हमारी कोई भूमिका नहीं है। राज्य सरकार स्टेट के गोदाम में ले जाती है, वहाँ से फेयर प्राइस शॉप पर ले जाती है, उसके बाद वह बेनिफिशियरीज़ के यहाँ ले जाती है। हमारे पास उतना इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है, फेडरल स्ट्रक्चर है। तो शिकायत क्या है? शिकायत सभी जगह पीडीएस से है। गरीबों को अनाज नहीं मिल रहा है, खराब अनाज मिलता है। हमारे पास गोदाम की जितनी कैपेसिटी है, 50 प्रतिशत गोदाम केन्द्र सरकार के हैं और**

50 प्रतिशत गोदाम राज्य सरकार के हैं। यदि दो हजार टन अनाज पैदा हो रहा है और केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर सात सौ टन खरीदती है, तो बाकी 1300 टन की जवाबदेही कौन ले रहा है? 1300 टन में से कुछ अनाज़ कहीं खेत में पड़ा हुआ है।

श्री आर.के.सिंह (आरा) : मैं भोजपुर से आता हूं। हमारे यहाँ यह दिक्कत हुई कि बारिश के दिनों में हर पाँचवें दिन पर कहा जाता था कि गोदाम भर गया। भारत सरकार की भंडारण कैपेसिटी होगी, लेकिन बिहार में भंडारण कैपेसिटी की कमी है, इसकी बेहद कमी है।

श्री राम विलास पासवान : बिहार में 53 लाख टन अनाज़ सालाना चाहिए। तो एक महीने में लगभग साढ़े चार लाख टन चाहिए और गोदाम की कैपेसिटी पाँच लाख टन से ज्यादा है। हम चाहते हैं कि एक हर स्टेट स्तर पर विचार हो। बहुत-सी गलतफहमियाँ भी हैं। बिहार के संबंध में मैं सोच रहा था, लेकिन पता नहीं अभी संसद का सत्र कब तक चलता है, हम चाहते थे कि एक बार हर स्टेट के एम.पीज़ को बुलाकर संबंधित राज्यों की समस्या के संबंध में पूरे तौर से बातचीत करें। जैसा कि हमने कहा, आप जो बात कह रहे हैं, जैसे आप आरा की बात कह रहे हैं, हो सकता है कि टोटैलिटी में गोदाम की कैपेसिटी ज्यादा हो, लेकिन जिस एरिया की बात ये कह रहे हैं, वहाँ यह कम हो, ऐसा हो सकता है।

HON. DEPUTY SPEAKER: Let the Minister complete the reply. We have to take up another Bill also.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Mr. Minister, please address the Chair.

...(*Interruptions*)

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) : मंत्री जी यह कहा गया कि सालाना 53 लाख टन अनाज एफसीआई द्वारा लिया जाएगा लेकिन वहां यह कहा जाता है कि पिछले साल का ही अनाज अभी गोदाम में पड़ा है, इसलिए इस साल हम कम ले रहे हैं। इस समस्या को आप कैसे हल करेंगे?

श्री राम विलास पासवान : उपाध्यक्ष जी, जैसा हमारे साथी ने पूछा है, उसके संदर्भ में मैं कहना चाहता हूं कि पहले ऐसा होता था कि चार-पांच साल अनाज रखा रहता था। हमने आने के बाद स्ट्रिक्टली कह दिया है कि चावल और गेहूं की लाइफ दो साल की होती है, क्योंकि दो साल तक इनकी क्वालिटी बढ़िया रहती है। डेढ़ साल से ज्यादा कोई भी सामान कहीं भी नहीं रखा जाएगा। हमने आर्डर जारी कर दिया है और यदि कोई कहेगा तो हम वैधिंग करने के लिए तैयार हैं। यदि मालूम हुआ कि डेढ़ साल से ज्यादा समय से सामान किसी गोदाम में रखा है, तो उस जी.एम. को हम उसी समय सस्पेंड करेंगे, यह हमारा वायदा है।

साइलो के संबंध में कहना चाहता हूं कि हम प्रोत्साहन दे रहे हैं। चूंकि उसमें सबसे ज्यादा सेफ्टी है, सबसे ज्यादा कम लीकेज का मामला है।

श्री धर्मवीर (भिवानी-महेन्द्रगढ़) : हरियाणा के किसानों के लिए दिक्कत आ जाएगी क्योंकि आपने अपने शब्दों में कहा है कि हरियाणा की सरकार ने कहा है कि हम अपना प्रबंध स्वयं करेंगे।

श्री राम विलास पासवान : हरियाणा के किसानों से आप कहिए कि वे अपना भ्रम दूर कर लें। केवल एफसीआई ही उनका अनाज नहीं खरीदती थी बल्कि एफसीआई भी उनका अनाज खरीदती थी। राज्य सरकार के साथ एफसीआई भी उनका अनाज खरीदती थी। जैसा हमें आफिशियली बताया गया है कि हरियाणा सरकार ने कहा है कि एफसीआई को दूसरी जगह खरीदने के लिए कहिए, हम खरीद लेंगे। यदि हरियाणा सरकार कहेगी कि हम सक्षम नहीं हैं और एफसीआई भी खरीदे, तो एफसीआई भी हरियाणा के किसानों का अनाज खरीदेगी। लेकिन शांता कुमार जी की कमेटी की रिपोर्ट है, इन्होंने ही अपनी कमेटी रिपोर्ट में कहा कि दूसरे राज्यों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। अभी हमने फैसला नहीं लिया है।...(व्यवधान) हमने कहा है कि रिपोर्ट है और इसमें कहा गया है कि 67 परसेंट से घटाकर 40 परसेंट कर दीजिए, तो क्या हम 40 परसेंट कर देंगे। हम ऐसा नहीं करेंगे। इस पर चिंता करने की जरूरत नहीं है। मैं खड़गे साहब को धन्यवाद देना चाहता हूं, थामस साहब ने अपने विचार रखे, गणेश जी ने बहुत बढ़िया सुझाव रखा, **विजय कुमार जी, तपस कुमार मंडल जी, बलभद्र मांझी जी, नरसिम्हम जी, श्रीमती पी.के. श्रीमती टीचर, बाराप्रसाद राव जी, श्रीमती कृष्णा राज, परशुराम जी, प्रेमचंद्रन जी, कौशलेन्द्र कुमार जी, राजेन्द्र सिंह शेखावत जी, मोहम्मद बशीर जी और अन्य सभी माननीय सदस्यों ने जो भी सुझाव दिए हैं, उनको मैंने नोट किया है और मैं सभी को इसके लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इसमें ज्यादा डिटेल में जाने की जरूरत नहीं है।** हमारी जगह पर अगर कोई दूसरा मंत्री होता, तो कह देता कि यह मामला सीडब्ल्यूसी का है और सीडब्ल्यूसी में कुछ नहीं है। यह टेक्नीकल मामला है और इसे मिनी रत्न मिल गया है इसलिए इन्हें मिनी रत्न के मुताबिक पांच-ए को खत्म कर देना चाहिए। उनके लिए यह सिर्फ दो लाइन का मामला होता। लेकिन आप सभी साथियों के मन में कुछ शंकाएं थीं, जिनकी तरफ मैंने आपका ध्यान खींचा है। मैं सभी माननीय सदस्यों को कहना चाहता हूं कि हम तो जमीनी स्तर के नेता हैं और जो आपका काम होता है, उसी काम को हम अपने डिपार्टमेंट से क्रिटिकल होकर पूछते हैं। हम यह कह सकते हैं कि हमारे रहते हुए, हमारी सरकार में चाहे किसान का मामला हो, मजदूर का मामला हो, रिजर्वेशन का मामला हो, कहीं भी शंका करने की कोई आवश्यकता नहीं है। मैं आग्रह करता हूं कि सर्वसम्मति से इस बिल को पास किया जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That the Bill further to amend the Warehousing Corporations Act, 1962, be taken into consideration."

The motion was adopted.

HON. DEPUTY SPEAKER: The House may now take up clause by clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 6

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That Clauses 2 to 6 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clauses 2 to 6 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Long Title were added to the Bill.

HON. DEPUTY SPEAKER: The Minister may now move that the Bill be passed.

श्री राम विलास पासवान : उपाध्यक्ष जी, मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि इस विधेयक को पारित किया जाए।"

HON. DEPUTY SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

16.36 hrs

REPEALING AND AMENDING BILL, 2014